तापमान

भोपाल	39.0°	26.4°
इंदौर	34.6°	25.8°
जबलपुर	40.8°	26.2°
ग्वालियर	44.5°	29.8°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(सागर : वर्ष 12 अंक 60 ,पृष्ठ 12)
बुधवार 21 मई 2025
सागर संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... लोकमाता अहिल्या बाई होलकर को ...

खेल... एशिया कप से भारतीय टीम के हटने की खबर गलत ...

व्यापार... कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का ...

देश-विदेश... डोनाल्ड ट्रंप के बदलावों से अमेरिकी ...

www.naiduniaonline.com

लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

शहरी विकास के लिए प्राधिकरण को मंजूरी घायल को अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार

भोपाल (काप्र)।

इंदौर के राजवाड़ा में पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें मध्य प्रदेश के शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई।

अधिनियम-2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संवाद माध्यमों को बताया कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्राधिकरण का उद्देश्य शहरों का सुव्यवस्थित विकास करना होगा और यह नगर निगम या अन्य प्राधिकरणों के कार्यों को प्रभावित नहीं करेगा। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के चेयरमैन होंगे। प्राधिकरण 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएगा। इसके तहत तीन स्तरों की समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें दो स्तरों में मुख्यमंत्री शामिल होंगे और तीसरे स्तर में स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि होंगे। सरकार ने 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों के समग्र क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य से महानगर योजना समिति और महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण संबंधित क्षेत्र की विकास योजना का प्रारूप तैयार करेगा और उसे अनुमोदन के लिए महानगर योजना समिति के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेगा। राज्य सरकार द्वारा योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उसका क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इस विकास योजना में क्षेत्र की भौगोलिक और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक, औद्योगिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित की जा सके। सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए कैबिनेट ने राहवीर योजना की घोषणा की। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उसे पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। योजना के लिए संबंधित व्यक्ति को दुर्घटना वाली जगह से 108 नंबर पर कॉल करना भी अनिवार्य होगा। इस योजना से दुर्घटना में घायलों की समय पर इलाज मिलने से जान बच सकेगी।

- 3 हजार 867 करोड़ रूपये की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति
- लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति
- मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम- 2025 की स्वीकृति
- आचार्य शंकर संग्रहालय अद्वैत लोक के निर्माण के लिए 2195 करोड़ रूपये से अधिक की पुनरीक्षित स्वीकृति

स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए ....

कमजोर लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरतः मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को वीडियो कांफ्रेन्स से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ विश्व का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल कितनी अच्छी तरह से करते हैं।

श्री मोदी ने इस वर्ष के थीम स्वास्थ्य के लिए एक विश्व का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने वर्ष 2023 में विश्व स्वास्थ्य सभा में अपने संबोधन को याद करते हुए एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह 58 करोड लोगों को मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम का हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को कवर करने के लिए विस्तार किया गया था।

प्रधानमंत्री ने भारत के हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के व्यापक नेटवर्क का उल्लेख किया जो कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की शुरुआती जांच और पता लगाने की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने हजारों सार्वजनिक फ़ार्मेसियों की भूमिका को भी रेखांकित किया जो काफी कम कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएँ प्रदान करती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर नज़र रखने वाले डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और अद्वितीय डिजिटल स्वास्थ्य पहचान प्रणाली जैसी भारत की डिजिटल पहलों को रेखांकित किया, जो लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमज़ोर लोगों की कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं। उन्होंने कहा कि विकासशील देश विशेष रूप से स्वास्थ्य चुनौतियों से प्रभावित है और इस दिशा में भारत का दृष्टिकोण अनुकरणीय, मापनीय और टिकाऊ मॉडल प्रदान करता है। उन्होंने दुनिया के साथ, विशेष रूप से ग्लोबल साऊथ के साथ अपने सीखने और सर्वोत्तम परंपराओं को साझा करने की भारत की इच्छा व्यक्त की।

आगामी जून में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने वैश्विक भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस वर्ष की थीम, 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर प्रकाश डाला और योग के जन्मस्थान के रूप में भारत की भूमिका पर जोर देते हुए सभी देशों को निमंत्रण दिया।

खास-खबरें

मोदी राजस्थान में आज 26 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार को राजस्थान के दौरे पर जायेंगे और 26 000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि श्री मोदी बीकानेर जाएंगे और देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे।

उत्तराखंड के सभी मदरसों में पढ़ाया जाएगा ऑपरेशन सिंदूर

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के सभी मदरसों में ऑपरेशन सिंदूर पढ़ाया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और हम ऑपरेशन सिंदूर के लिए रक्षा मंत्री को बधाई देते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमने अपने विचार व्यक्त किए कि हम पीएम मोदी के साथ हैं। उसी से प्रेरणा लेते हुए हमने एक नई शुरुआत करने का विचार किया और हम मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ाएंगे। मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे निर्दोष नागरिकों को मारा। हम दो राष्ट्र सिद्धांत में विश्वास करने वाले नहीं हैं। हम हिंदू और मुसलमान में कोई अंतर नहीं करते। हम इसे पाठ्यक्रम में शामिल कर रहे हैं क्योंकि देश सर्वोपरि है।

साइबर क्रिमिनल्स की खैर नहीं: शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)।

साइबर अपराध के खिलाफ भारत की लड़ाई को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय (एमएचए) की एक शाखा, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के तहत ई-जीरो एफआईआर पहल की शुरुआत की घोषणा की।

यह पहल, जिसे वर्तमान में दिल्ली में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य उच्च मूल्य वाले मामलों के लिए शिकायतों को स्वचालित रूप से एफआईआर में परिवर्तित करके वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से निपटने में प्रतिक्रिया समय को काफी कम करना है। एक्स पोस्ट में अमित शाह ने लिखा कि गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने किसी भी अपराधी को अभूतपूर्व गति से पकड़ने के लिए नई ई-जीरो एफआईआर पहल शुरू की है। दिल्ली के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई यह नई प्रणाली एनसीआरपी या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वचालित रूप से एफआईआर में बदल देगी, जो शुरू में 10 लाख की सीमा से ऊपर होगी।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नीदरलैंड भी आया साथ : जयशंकर

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर और डच प्रधानमंत्री डिक स्कोफ के बीच मंगलवार को हुई बैठक में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ नई दिल्ली के अभियान पर चर्चा हुई और भारत ने आतंकवाद के खिलाफ नीदरलैंड के दृढ़ रुख के लिए उसे धन्यवाद दिया।

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुई झड़पों के बाद पहली विदेश यात्रा पर आए जयशंकर ने शूफ से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी और आतंकवाद के खिलाफ नीदरलैंड के दृढ़ और दृढ़ रुख के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से एनआईए और आईबी ने की पूछताछ

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), गुप्तचर ब्यूरो (आईबी) और सैन्य खुफिया अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी।

पुलिस ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा के वित्तीय लेन-देन और यात्रा विवरण की भी जांच की जा रही है।

हिसार की रहने वाली ज्योति मल्होत्रा (33) ट्रैवल विद जो नामक एक यूट्यूब चैनल चलाती है। उसे 16 मई को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि ज्योति के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

गोल्ड स्मगलिंग केस में रान्या राव को सशर्त जमानत

बेंगलुरु (एजेंसी)। गोल्डर स्ममगलिंग मामले में आरोपी अभिनेत्री रान्यार राव को बेंगलुरु की एक स्थोनीय अदालत से सशर्त जमानत मिल गई है। हालांकि इसके बावजूद रान्याह राव फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगी। उन्हों रिहा नहीं किया जाएगा, क्योंजकि विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम, 1974 लागू किया गया है। उनके साथ ही दूसरे आरोपी कोंडारू राजू को भी अदालत ने जमानत दे दी है।

अदालतें तब तक दखल नहीं दे सकतीं, जब तक ठोस मामला सामने नहीं आ जाता

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की।

याचिकाओं की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने की, जिसमें सीजेआई के साथ जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संसद से पारित कानूनों की संवैधानिकता को लेकर बड़ी टिप्पणी करते हुए एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है।

वक्फ संशोधन कानून, 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि संसद से पारित होने के बाद कानूनों की संवैधानिकता की धारणा होती है और कोई कानून संवैधानिक नहीं है तो जब तक इस संबंध में कोई ठोस और पुख्ता मामला सामने नहीं आ जाता, अदालतें इसमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं कर सकती हैं।

बेंगलुरु में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, पांच लोगों की मौत

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में पिछले 36 घंटों से हो रही भारी बारिश के कारण मंगलवार को भी जनजीवन प्रभावित रहा और जलमग्न सड़कों के बीच कई जगह यातायात बाधित हो गया जबकि राज्य में जल जनित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारी बारिश के कारण शहर के साई लेआउट में एक द्वीप जैसी स्थिति बन गई और यहां घरों की निचली मंजिलें आधी डूब गई हैं, जिसके कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि सोमवार को करीब 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमबी) ने साई लेआउट में लोगों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था की। निवासियों ने शिकायत की है कि नगर निगम की एजेंसियों को साई लेआउट में रहने वाले लोगों की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। भारी बारिश के कारण शहर के हेनूर स्थित एक अनाथालय में भी पानी भर गया।

स्पेशल खबर *कर्नाटक में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर बोला हमला, कहा...*

भाजपा मॉडल गरीबों का नहीं, अरबपतियों का है

होसपेट (एजेंसी)।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक में अपनी पार्टी की सरकार के दो साल पूरा होने के मौके पर उसकी उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि विधानसभा चुनाव के समय दी गई पांच 'गारंटी' के वादे को पूरा करने के साथ ही एक लाख से अधिक भूमि-पट्टों का वितरण करके छठी गारंटी भी पूरी की गई है।

उन्होंने यहां आयोजित समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहती है कि धन और संसाधन चुनिंदा अमीर लोगों के पास जाएं, जबकि कांग्रेस चाहती है कि धन गरीबों के पास जाए। इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और प्रदेश के कई मंत्री और कांग्रेस नेता मौजूद थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि आज कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की सरकार को 2 साल पूरे हुए हैं। हमने चुनाव के समय

कर्नाटक की जनता से वादे किए थे। हमने जनता को 5 गारंटी दी थीं। तब नरेंद्र मोदी और भाजपा के लोगों ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी ये काम नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि हमने आपसे कहा था कि हम कर्नाटक के गरीबों के बैंक खाते में पैसा डालेंगे। आज, हजारों करोड़ रुपये सीधे आपके बैंक खाते में डाले जा रहे हैं। इस पैसे का उपयोग आप अपने बच्चों की शिक्षा के लिए, अपने स्वास्थ्य के लिए करें। हम यही चाहते थे कि आपका पैसा आपकी जेब में वापस आए। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा केवल गिने-चुने लोगों को भारत का पूरा धन दिलाना चाहती है लेकिन हम चाहते हैं कि पैसा सीधे गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की जेब में जाए।

जमानत के लिए एक साल जेल में रहना जरूरी नहीं : सुको

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसा कोई नियम नहीं है कि मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी व्यक्ति को जमानत मिलने से पहले एक साल जेल में बिताना चाहिए, क्योंकि इससे एक व्यवसायी को राहत मिली है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कथित 2,000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में व्यवसायी अनवर ढेबर को जमानत दे दी और कहा कि जमानत पाने के लिए एक साल तक हिरासत में रहना कोई नियम नहीं है। उन्हें पिछले वर्ष अगस्त में गिरफ्तार किया गया था और वे नौ महीने से अधिक समय तक जेल में रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कथित अपराध के लिए अधिकतम सजा सात वर्ष है तथा गवाहों की बड़ी संख्या को देखते हुए ढेबर के खिलाफ मुकदमा शीघ्र शुरू होने की संभावना नहीं है।